अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, पथ निर्माण विभाग, पटना द्वारा पथ प्रमंडल, पटना सिटी अन्तर्गत पथों का दिनांक–25.07.2024 को किये गये स्थल निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन।

निरीक्षण के दरम्यान उपस्थिति पदाधिकारी :–

(1). श्री साधु शरण, अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, पटना।
(2). श्री आलोक कुमार ठाकुर, कार्यपालक, अभियंता पथ प्रमंडल पटना सिटी, गुलजारबाग, पटना–7
(3). श्री बब्लू कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर पमंडल, मोकामा
(4). श्री अखिलेश कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल पटना सिटी
(5). मेसर्स बाबा हंस कंस्ट्रक्सन प्रा०लि०, संवेदक प्रतिनिधि
(6). श्री विपुल कुमार सिंह, संवेदक प्रतिनिधि

(1) एन० एच० 82 घोसवरी पुल से पैलना, सम्यागढ, चकसम्या, कुर्मीचक, अकबरपुर, सिलदेही, बसावनचक, बदलुचक, दौलतपुर, बेलदरीचक, घोबीचक से महादेवगह होते हुए बेनुआबसार PWD शहरी सरमेरा पथ तक किमी० 0.00 से 18.20 में पथ निर्माण कार्य (एकरारनामा सं० 01 SBD of 2021-22):–

उपरोक्त पथ में SBD के तहत पटना सिटी पथ प्रमंडल, गुलजारबाग अन्तर्गत मेसर्स बाबा हंस कंस्ट्रक्सन प्रा०लि० द्वारा कार्य कराया जा रहा है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 09.04.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 08.04.2023 है। पथ में अद्यतन 18.20 कि०मी० में E/W, GSB, WMM, DBM एवं BC का कार्य पूर्ण है। 7 Nos RCC Box Culvert एवं 14 Nos HP Culvert का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित कुल 18 अद्द RCC कल्भर्ट मे 11 अद्द कल्भर्ट का निर्माण रैयती भूमि विवाद एवं स्थानीय ग्रामीणों के अवरोध के कारण नहीं कराया जा सका है। कुल प्रस्तावित चार अद्द HL Bridge में 3 अद्द Bridge का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष एक अद्द पथ के चैनेज 1+200 पर प्रस्तावित 7x12 मी० HL Bridge का कार्य में 4 स्पेन का Deck Slab ढलाई कार्य पूर्ण शेष स्पेन में Sub-Sturcture का कार्य प्रगति पर है।

निरीक्षण के दौरान पथ कार्य की प्रगति उक्त परिस्थितियों के आलोक में संतोषजनक पाई गई। पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अभियंता एवं संवेदक को दिया गया एवं कार्य को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

(2) एन0 एच0 82 घोसवरी थाना से झुनकी पथ भाया मोहनपुर त्रिमुहान, बलवा, शहरी कि0मी0 0 से 11 में पथ निर्माण कार्य (एकरारनामा सं0 02 SBD of 2021-22):–

पथ निर्माण कार्य एवं पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

(3) एन०एच० 30A, सकसोहरा बाजार से दरवेशपुरा, अंदौली, भागा बिगहा, बरआने होते हुए PWD शहरी–सरमेरा पथ तक (कि०मी० 0.00 से 12.40) पथ निर्माण कार्य। (एकरारनामा सं० 09 SBD OF 2019-20):–

उपरोक्त पथ SBD के तहत पटना सिटी पथ प्रमंडल अन्तर्गत संवेदक कमलादित्य कंस्ट्रक्सन प्रा०लि० द्वारा सम्पादित कराया जा रहा है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 27.11.2019 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.11.2021 है। पथ निर्माण कार्य एवं पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। पुनरीक्षित प्राक्कलन मुख्य अभियंता, दक्षिण, प0नि0वि0, पटना के पत्रांक 2561 अनु0 दिनांक 24.08.2023 से स्वीकृति के पश्चात् पूरक परिमाण विपत्र इस कार्यालय का पत्रांक 122 अनु0 दिनांक 12.01.2024 को अनुमोदित किया गया। ततपश्चात संवेदक द्वारा पूरक एकरारनामा कर Geo Bag & Utility Shifting का कार्य किया जा रहा है। कार्य प्रगति पर है।

निरीक्षण के दौरान पथ कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई गई। Geo Bag & Utility Shifting का कार्य शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित संवेदक एवं अभियंता को दिया गया।

O/C

अधीक्षण अभियंता
केन्द्रीय पथ अंचल, प0नि0वि0, पटना।

ज्ञापांक 1546 दिनांक 25/07/2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी पथ प्रमंडल, प०नि०वि०, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अधीक्षण अभियंता
केन्द्रीय पथ अंचल, प०नि०वि०, पटना।

ज्ञापांक 1546 दिनांक 25/7/24

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, दक्षिण, प०नि०वि०, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

अधीक्षण अभियंता
केन्द्रीय पथ अंचल, प०नि०वि०, पटना।

ज्ञापांक 1546 दिनांक 25/07/24

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), प०नि०वि०, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

अधीक्षण अभियंता
केन्द्रीय पथ अंचल, प०नि०वि०, पटना।